www.govtjobsalert.in

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Center Name | Malti IT Solutions |
| Test Date | 19/06/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को बदला जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : OSR :: JNM : %

**Ans**
✗ 1. # = UQU, % = GOZ
✓ 2. # = RVU, % = GKJ
✗ 3. # = ROU, % = GKQ
✗ 4. # = IUU, % = GBQ

**Q.2** KX 3 एक निश्चित तरीके से OV -9 से संबंधित है। IR 11 उसी तरीके से MP -1 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, JG -2 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

**Ans**
✗ 1. NF -15
✗ 2. OE -14
✗ 3. OF -13
✓ 4. NE -14

**Q.3** यदि $\Delta ABC \cong \Delta PQR$, इस प्रकार है कि $\angle ABC = 77^\circ$, $\angle BCA = (x - y)^\circ$, $AC = 48$ cm, $\angle PQR = (3x - 4)^\circ$, है, तो $\angle QRP$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✓ 1. $20^\circ$
✗ 2. $28^\circ$
✗ 3. $32^\circ$
✗ 4. $23^\circ$

**Q.4** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएं) 4 $ 4 2 2 7 4 1 8 € 6 9 3 £ 3 £ 9 @ % 9 # £ (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

**Ans**
✓ 1. 2
✗ 2. 4
✗ 3. 3
✗ 4. 1

www.govtjobsalert.in

Q.5 N, I, G, H, T और S एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। G के नीचे केवल H रहता है। S के ऊपर केवल I रहता है। S के ठीक नीचे वाले तल पर T रहता है। तल क्रमांक 3 पर कौन रहता है?

www.govtjobsalert.in

Ans ✔ 1. N

✘ 2. S

✘ 3. T

✘ 4. H

Q.6 यदि संख्या 1845637 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो बायीं ओर से दूसरे तथा दायीं ओर से दूसरे अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans ✘ 1. 12

✘ 2. 6

✘ 3. 8

✔ 4. 10

Q.7 लोगों के एक समूह में पुरुष, महिलाएँ और बच्चे शामिल हैं। उनमें से 20% पुरुष, 30% महिलाएँ और बाकी बच्चे हैं, और उनका औसत वज़न क्रमशः 50 kg, 40 kg और 30 kg है। समूह का औसत वज़न (kg में) ज्ञात कीजिए।

Ans ✔ 1. 37

✘ 2. 36

✘ 3. 35

✘ 4. 34

Q.8 एक आयताकार मैदान की लंबाई $\left(\frac{2a+2\sqrt{5}}{4}\right)$ m और चौड़ाई $\left(\frac{a-\sqrt{5}}{2}\right)$ m है। आयताकार मैदान का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans ✘ 1. $\left(\frac{a^2-5}{2}\right)m^2$

✘ 2. $\left(\frac{a^2+5}{4}\right)m^2$

✘ 3. $\left(\frac{a^2+5}{2}\right)m^2$

✔ 4. $\left(\frac{a^2-5}{4}\right)m^2$

Q.9 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। V की परीक्षा बुधवार को होती है। T के बाद केवल एक व्यक्ति की परीक्षा होती है। P की परीक्षा R की परीक्षा के ठीक बाद होती है, लेकिन मंगलवार को नहीं। S की परीक्षा U की परीक्षा से ठीक पहले होती है। P और Q के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans ✘ 1. दो

✘ 2. तीन

✔ 3. एक

✘ 4. चार

Q.10 एमएस वर्ड में, जब कोई यूजर टेक्स्ट (text) के एक ब्लॉक को डॉक्यूमेंट के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में ले जाना चाहता है, तो निम्नलिखित में से किन क्रियाओं का अनुक्रम क्रियान्वित किया जाना चाहिए?

Ans ✔ 1. टेक्स्ट को कट करें → टेक्स्ट को वांछित स्थान पर पेस्ट करें

✘ 2. टेक्स्ट को टाइप करें → इसे सेव करें → इसे नए स्थान पर दोबारा टाइप करें

✘ 3. टेक्स्ट को हाइलाइट करें → इसे सेव करें → इसे किसी अन्य डॉक्यूमेंट में ओपन करें

✘ 4. टेक्स्ट को कॉपी करें → टेक्स्ट को वांछित स्थान पर पेस्ट करें

www.govtjobsalert.in

www.govtjobsalert.in

Q.11 स्थिर जल में नाव की चाल 17 km/hr है और धारा की चाल 16 km/hr है। एक व्यक्ति 26.4 km की दूरी पर स्थित एक स्थान तक नाव चलाकर जाता है और आरंभिक बिंदु पर वापस आता है। उसके द्वारा लिया गया कुल समय (घंटों में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 17.8 ✗
2. 23.4 ✗
3. 25.4 ✗
4. 27.2 ✓

Q.12 15 कुर्सियों और 3 मेजों की कीमत ₹7,800 है तथा 14 कुर्सियों और 6 मेजों की कीमत ₹9,200 है। 17 कुर्सियों और 18 मेजों की कीमत कितनी है?

Ans
1. ₹17,600 ✓
2. ₹17,598 ✗
3. ₹17,604 ✗
4. ₹17,596 ✗

Q.13 प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (PCB) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

Ans
1. PCB हार्डवेयर भागों को सपोर्ट देने और व्यवस्थित करने के लिए एक आधार प्रदान करते हैं। ✗
2. PCB इलेक्ट्रॉनिक घटकों को प्रवाहकीय ट्रैक का उपयोग करके होल्ड करते हैं और कनेक्ट करते हैं। ✗
3. PCB केवल डेस्कटॉप कंप्यूटर को सर्विस देते हैं, पोर्टेबल डिवाइस की नहीं। ✓
4. जटिल डिवाइस अधिक सर्किटरी फिट करने के लिए मल्टीलेयर PCB का उपयोग कर सकते हैं। ✗

Q.14 मार्च 2025 में, शुरू किए गए ऑपरेशन ब्रह्मा (Brahma) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

1. यह ऑपरेशन भारत सरकार द्वारा म्यांमार और थाईलैंड में आए बड़े भूकंप के बाद उनकी सहायता के लिए शुरू किया गया था।
2. पूर्वी नौसेना कमान से भारतीय नौसेना के जहाज सतपुड़ा और सावित्री राहत सामग्री लेकर यांगून के लिए रवाना हुए।
3. भारतीय सेना ने राहत प्रयासों के तहत शत्रुजीत ब्रिगेड से 118 सदस्यीय चिकित्सा कार्य बल तैनात किया।
4. भारतीय सेना द्वारा आघात और आपातकालीन देखभाल के लिए थाईलैंड में 60 बिस्तरों वाला चिकित्सा उपचार केंद्र स्थापित किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

Ans
1. केवल 1, 2 और 3 ✓
2. 1, 2, 3 और 4 ✗
3. केवल 2 और 3 ✗
4. केवल 1 और 4 ✗

Q.15 एक लम्ब वृत्तीय बेलन का आयतन 4851 $cm^3$ है तथा इसका वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 462 $cm^2$ है। यदि इस बेलन का निर्माण एक आयत को उसकी लम्बाई के चारों ओर 360° घुमाकर किया जाता है, तो इस आयत का परिमाप (cm में) कितना होगा?

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें)

Ans
1. 43 ✗
2. 53 ✗
3. 47 ✗
4. 49 ✓

Q.16 यदि 14, 7, 12 और y समानुपात में हैं, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 2 ✗
2. 16 ✗
3. 10 ✗
4. 6 ✓

Q.17 विश्व बैंक की सामाजिक सुरक्षा स्थिति रिपोर्ट 2025 के अनुसार, 2022 तक, निम्न और मध्यम आय वाले देशों में कितने लोगों के पास पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा कवरेज का अभाव था?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 03 बिलियन
2. 05 बिलियन
3. 04 बिलियन
4. 02 बिलियन

Q.18 जनवरी 2025 में, भारत निम्नलिखित में से किस क्षेत्र के अग्रणी वैज्ञानिक डॉ. के. एस. मणिलाल के निधन पर शोकाकुल था?

Ans
1. समुद्री जीवविज्ञान
2. वनस्पति-विज्ञान
3. पर्यावरणीय अभियांत्रिकी
4. खगोल विज्ञान

Q.19 तीन संख्याओं का अनुपात 10 : 15 : 13 है। यदि पहली संख्या का 10 प्रतिशत 66 है, तो तीसरी और दूसरी संख्या के अंतर का 50 प्रतिशत कितना होगा?

Ans
1. 68
2. 66
3. 64
4. 65

Q.20 एक आदमी को हर महीने ₹7,915 वेतन मिलता है। वह हर महीने अपने वेतन का 20% बचाता है। उसका प्रति माह व्यय कितना है?

Ans
1. ₹6,346
2. ₹6,270
3. ₹6,420
4. ₹6,332

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 44 से विभाज्य है?

Ans
1. 3344
2. 2967
3. 3379
4. 3550

Q.22 यदि 40 और Z का तृतीयानुपाती 10 है, तो Z का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 20
2. 17
3. 21
4. 19

Q.23 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

1514 1513 1517 1508 1524 ?

Ans
1. 1499
2. 1476
3. 1478
4. 1474

www.govtjobsalert.in

Q.24 कंप्यूटर के ऑपरेटिंग सिस्टम में फ़ाइलों और फ़ोल्डरों को व्यवस्थित करने के लिए निम्न में से कौन-सा तरीका सबसे प्रभावी है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. भ्रांतियों से बचने के लिए फ़ाइलों और फ़ोल्डरों को यादृच्छिक वर्णों का नाम देना
2. फ़ोल्डरों को अव्यवस्थित होने से रोकने के लिए उन्हें बार-बार रीनेम करना
3. स्पष्ट और वर्णनात्मक नामों का उपयोग करके लोजिकल फ़ोल्डर संरचना बनाना जो सामग्री को रिफ्लेक्ट करे ✔
4. स्पेस बचाने के लिए सभी फ़ाइलों और फ़ोल्डरों को एक ही डाइरैक्टरि में स्टोर करना

Q.25 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. TMJF ✔
2. HAXS
3. BURM
4. QJGB

Q.26 कच्छ के रण से कौन-सा अक्षांश गुजरता है?

Ans
1. 23.5°N ✔
2. 25°N
3. 20°N
4. 18°N

Q.27 मार्च 2025 में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 'सहकार' टैक्सी सेवा का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
1. सहकारी, लाभ-साझाकरण मॉडल के माध्यम से ड्राइवरों को सशक्त बनाना
2. भारत में सभी मौजूदा निजी टैक्सी सेवाओं को प्रतिस्थापित करना ✔
3. वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क टैक्सी सेवा उपलब्ध कराना
4. सरकारी स्वामित्व वाली सवारी-सेवा एकाधिकार स्थापित करना

Q.28 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 307 485 194 237 937 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के पहले अंक से घटाया जाए तो परिणाम कितना होगा?

Ans
1. −5
2. −7
3. −3
4. −6 ✔

Q.29 कर्नाटक संगीत में, 'पल्लवी' के अंतिम भाग को सामान्यत: ________ के नाम से जाना जाता है।

Ans
1. अनु पल्लवी
2. रागमालिका ✔
3. वरनाम
4. थानम

Q.30 मानसून पूर्व अवधि के दौरान भारत के किस भाग में संवहनीय वर्षा सामान्य है?

Ans
1. केरल तट
2. पूर्वी हिमालय
3. पश्चिमी घाट
4. छोटा नागपुर पठार ✔

www.govtjobsalert.in

Q.31 नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 (CAA) के अंतर्गत प्रवासियों के लिए पात्र होने की निर्धारित तिथि क्या थी?

www.govtjobsalert.in

Ans
✗ 1. 31 मार्च, 2020
✓ 2. 31 दिसम्बर, 2014
✗ 3. 26 जनवरी, 1950
✗ 4. 15 अगस्त, 1947

Q.32 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. BW – JD
✓ 2. DY – LE
✗ 3. UP – CW
✗ 4. JE – RL

Q.33 विमा 'लंबाई' का मात्रक निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
✓ 1. मीटर
✗ 2. एम्पीयर
✗ 3. किलोग्राम
✗ 4. जूल

Q.34 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

277, 254, 221, ?, 125, 62

Ans
✗ 1. 158
✗ 2. 188
✗ 3. 168
✓ 4. 178

Q.35 लोक अदालत द्वारा दिए गए निर्णय की स्थिति __________ के समान होती है।

Ans
✓ 1. दीवानी न्यायालय के आज्ञाप्ति
✗ 2. सर्वोच्च न्यायालय के आदेश
✗ 3. मजिस्ट्रेट के आदेश
✗ 4. उच्च न्यायालय के निर्णय

Q.36 यदि समान ब्याज दर पर 2 वर्षों का साधारण ब्याज ₹40 है और वार्षिक रूप से संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज ₹41 है, तो मूलधन (₹ में) कितना है?

Ans
✗ 1. 395
✓ 2. 400
✗ 3. 393
✗ 4. 404

Q.37 $\left[\left(26 \div \frac{4}{2}\right) \times \left\{8 \div 2 \times \frac{12-2}{5}\right\} \div \{4 \times 4 \div 3\}\right]$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 13
✗ 2. 30
✓ 3. 19.5
✗ 4. 16.5

www.govtjobsalert.in

Q.38 किसी सहकारी समिति के लिए वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद अपनी वार्षिक आम बैठक आयोजित करने की अधिकतम समय सीमा क्या होती है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 6 माह ✔
2. 3 माह ✘
3. 12 माह ✘
4. 9 माह ✘

Q.39 निम्नलिखित में से वह सबसे बड़ी संख्या कौन सी है जो 137 और 198 को विभाजित करने पर क्रमशः 7 और 3 शेष बचाती है?

Ans
1. 68 ✘
2. 67 ✘
3. 65 ✔
4. 71 ✘

Q.40 एक निश्चित कूट भाषा में, 'CURE' को '3527' और 'EATS' को '1246' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 2 ✔
2. 1 ✘
3. 6 ✘
4. 7 ✘

Q.41 ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट (GTS) का 9वां संस्करण 10 अप्रैल से 12 अप्रैल 2025 तक, किस शहर में आयोजित किया गया था?

Ans
1. नई दिल्ली ✔
2. लखनऊ ✘
3. जयपुर ✘
4. चंडीगढ़ ✘

Q.42 अप्रैल 2025 तक की स्थिति के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में कितने प्रतिशत वृद्धि का प्राक्कलन किया गया है?

Ans
1. 6.5% ✔
2. 4.5% ✘
3. 5% ✘
4. 6.3% ✘

Q.43 8%, 17% और 17% की तीन क्रमिक छूटों के बाद अंकित मूल्य का प्रभावी मूल्य प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित)

Ans
1. 64.71% ✘
2. 64.51% ✘
3. 63.38% ✔
4. 64.53% ✘

Q.44 यदि संख्या 413257 में प्रत्येक सम अंक में 3 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में पहले और अंतिम अंकों का योगफल क्या होगा?

Ans
1. 12 ✘
2. 16 ✔
3. 14 ✘
4. 10 ✘

www.govtjobsalert.in

www.govtjobsalert.in

Q.45 संख्या 7234169 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans ✔ 1. 4
✘ 2. 1
✘ 3. 2
✘ 4. 3

Q.46 ₹2,000 पर 5.75% वार्षिक ब्याज की दर से 15 फरवरी 2023 से 29 अप्रैल 2023 तक की अवधि के लिए साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans ✘ 1. 22
✘ 2. 21
✔ 3. 23
✘ 4. 24

Q.47 Q, R, S, T, U, V और Y एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Y, S के बाएं से चौथे स्थान पर बैठा है। R, T के दाएं से चौथे स्थान पर बैठा है। S के बाएं से गिनने पर S और T के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। R या T का निकटतम पड़ोसी V नहीं है। U, V का निकटतम पड़ोसी नहीं है। Q के दाएं से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans ✔ 1. R
✘ 2. U
✘ 3. T
✘ 4. Y

Q.48 रेड शर्ट आंदोलन, जिसे खुदाई खिदमतगार के नाम से भी जाना जाता है, का नेतृत्व उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत में किस भारतीय स्वतंत्रता सेनानी ने किया था?

Ans ✘ 1. मदन मोहन मालवीय
✔ 2. खान अब्दुल गफ्फार खान
✘ 3. मौलाना अबुल कलाम आज़ाद
✘ 4. सुभाष चंद्र बोस

Q.49 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?
HKP22 ILQ31 JMR40 KNS49 ?

Ans ✔ 1. LOT58
✘ 2. LOS58
✘ 3. LOS59
✘ 4. LOT59

Q.50 फरवरी 2025 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, एथलीटों के प्रशिक्षण के लिए भारत भर में कितने खेलो इंडिया केंद्र स्थापित किए गए हैं?

Ans ✔ 1. 1041
✘ 2. 1205
✘ 3. 1511
✘ 4. 2021

Q.51 श्रीमान Z बिंदु Y से शुरू करते हैं और उत्तर की ओर 12 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं, 2 km ड्राइव करते हैं, दाएं मुड़ते हैं और 1 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 14 km ड्राइव करते हैं। वह अंतिम बार बाएं मुड़ते हैं, 13 km ड्राइव करते हैं और बिंदु X पर रुकते हैं। बिंदु Y पर फिर से पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं।)

Ans ✔ 1. 16 km पूर्व की ओर
✘ 2. 13 km उत्तर की ओर
✘ 3. 11 km दक्षिण की ओर
✘ 4. 14 km पश्चिम की ओर

www.govtjobsalert.in

Q.52 2025 में लॉन्च किए गए हंसा एनजी ट्रेनर विमान की रेंज कितनी है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 800 समुद्री मील ✗
2. 1,000 समुद्री मील ✗
3. 400 समुद्री मील ✗
4. 620 समुद्री मील ✓

Q.53 यदि किसी बिस्तर का विक्रय मूल्य प्रारंभिक मूल्य का 2 गुना है, तो लाभ प्रारंभिक लाभ का 8 गुना है। प्रारंभिक लाभ प्रतिशत (% में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 400 ✗
2. 16.67 ✓
3. 25 ✗
4. 300 ✗

Q.54 संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद की शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। दिए गए कूटों और शर्तों का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे अनुसरण किया जाना है जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| संख्या/प्रतीक | 4 | @ | 7 | # | 3 | & | 8 | * | 2 | ^ | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | H | A | J | B | K | C | L | D | M | E | N |

शर्तें:
i) यदि पहला अवयव एक संख्या है और अंतिम अवयव एक प्रतीक है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयवों) के कूट को आपस में बदला जाना है।
ii) यदि पहला अवयव एक सम संख्या है और अंतिम अवयव एक विषम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों को . के रूप मे कूटबद्ध किया जाना है।
iii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव दोनों पूर्ण घन हैं, तो दूसरे अवयव का कूट, तीसरे अवयव का कूट होगा।

निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?

348@

Ans
1. ALHK ✗
2. KHLA ✗
3. AHLK ✓
4. KLHA ✗

Q.55 इलेक्ट्रॉनिक्स में PCB का पूर्ण रूप क्या है?

Ans
1. Power Circuit Board (पावर सर्किट बोर्ड) ✗
2. Portable Control Base (पोर्टेबल कंट्रोल बेस) ✗
3. Personal Control Board (पर्सनल कंट्रोल बोर्ड) ✗
4. Printed Circuit Board (प्रिंटेड सर्किट बोर्ड) ✓

Q.56 निम्नलिखित में से कौन-सी संरचना, थार रेगिस्तान की विशिष्टता नहीं है?

Ans
1. नखलिस्तान (Oases) ✗
2. अंतर्देशीय जल निकासी (Inland drainage) ✗
3. स्थानांतरी टीले (Shifting dunes) ✗
4. घने सदाबहार जंगल (Dense evergreen forests) ✓

www.govtjobsalert.in

Q.57 भारत के उत्तरी मैदान मुख्यतः निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया से निर्मित हुए हैं?

www.govtjobsalert.in

Ans
✗ 1. ज्वालामुखी विस्फोट
✓ 2. जलोढ़ मिट्टी का जमाव
✗ 3. हिमनद अपरदन
✗ 4. विवर्तनिक उत्थान

Q.58 एक आदमी को धारा की दिशा में 91 km तैरने में 13 घंटे लगते हैं। वह उतने ही समय में धारा की विपरीत दिशा में 39 km तैर पाता है। स्थिर जल में नाव की चाल (km/hr में) कितनी है?

Ans
✗ 1. 9
✗ 2. 8
✗ 3. 1
✓ 4. 5

Q.59 एक त्रिभुज की भुजाएं 109 cm, 171 cm और 100 cm हैं। 171 cm लंबाई वाली भुजा के समरूप इसकी ऊंचाई (altitude) की लंबाई (cm में) कितनी होगी?

Ans
✗ 1. 94
✗ 2. 49
✓ 3. 60
✗ 4. 82

Q.60 A और B मिलकर किसी काम को 18 दिन में पूरा करते हैं। यदि A अकेले उस काम को 24 दिन में पूरा कर सकता है, तो B अकेले उसी काम का एक-चौथाई भाग ________ दिन में पूरा कर सकता है।

Ans
✓ 1. 18
✗ 2. 54
✗ 3. 36
✗ 4. 72

Q.61
यदि $3\ \cot A = 2$ है, तो $\sqrt{\dfrac{3(\operatorname{cosec}^2 A - 1)}{(\sec^2 A - 1)}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $\dfrac{4\sqrt{3}}{3}$
✗ 2. $\dfrac{2\sqrt{3}}{9}$
✓ 3. $\dfrac{4\sqrt{3}}{9}$
✗ 4. $\dfrac{2\sqrt{3}}{3}$

Q.62 उस समूह का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समूह की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
(36, 27, 41)
(45, 36, 50)

Ans
✓ 1. (53, 44, 58)
✗ 2. (61, 52, 56)
✗ 3. (28, 19, 43)
✗ 4. (74, 65, 89)

www.govtjobsalert.in

Q.63 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

www.govtjobsalert.in

(बाएं) 514 414 422 875 167 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक से घटाया जाए तो परिणाम कितना होगा?

Ans
1. 0
2. −1
3. 2
4. −2

Q.64 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को कौन-सी शक्तियाँ और उत्तरदायित्व प्रदान किए गए?

Ans
1. ग्रामीण क्षेत्रों में सशस्त्र बलों पर सीधा नियंत्रण
2. राज्य से पूर्ण स्वायत्तता
3. स्थानीय महत्व के मामलों में राज्य के विधानों को प्रत्यादेश करने की शक्ति
4. संवैधानिक दर्जा और संरक्षण

Q.65 उच्च न्यायालयों का रिट क्षेत्राधिकार, सर्वोच्च न्यायालय के रिट क्षेत्राधिकार से किस प्रकार भिन्न है?

Ans
1. उच्च न्यायालय केवल अपीलीय मामलों में ही रिट जारी कर सकते हैं, मूल क्षेत्राधिकार में नहीं।
2. उच्च न्यायालय केवल राज्य सरकारों के विरुद्ध रिट जारी कर सकते हैं, केंद्र सरकार के विरुद्ध नहीं।
3. उच्च न्यायालयों को रिट जारी करने से पहले सर्वोच्च न्यायालय से पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता होती है।
4. सर्वोच्च न्यायालय के विपरीत, उच्च न्यायालय मौलिक अधिकारों से परे उद्देश्यों के लिए रिट जारी कर सकते हैं।

Q.66 चिमामांडा नगोजी अदिची (Chimamanda Ngozi Adichie) का कौन-सा उपन्यास चार अफ्रीकी महिलाओं के परस्पर संबद्ध जीवन को चित्रित करता है?

Ans
1. ड्रीम काउंट
2. अमेरिकाना
3. हाफ ऑफ अ येलो सन
4. पर्पल हिबिस्कस

Q.67 कार्यबल को आर्थिक आवश्यकताओं के साथ संबद्ध करने में कौशल विकास महत्वपूर्ण हो गया है। कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार क्षमता में सुधार के लिए 2015 में कौन-सा प्रमुख कार्यक्रम शुरू किया गया था?

Ans
1. डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम
2. स्किल इंडिया मिशन
3. उज्ज्वला योजना
4. कौशल भारत

Q.68 Z, S की पत्नी है। M और C, S की पुत्रियां हैं। T, C की पुत्री है। M का T से क्या संबंध है?

Ans
1. माता की माता
2. भाई की पत्नी
3. माता की बहन
4. माता

Q.69 ओडिशा में खोंड विद्रोह के संदर्भ में 'यंग राजा' कौन थे?

Ans
1. जेठा माधवजी
2. यू तिरोत सिंह
3. मगनलाल भूखन
4. चक्र बिसोई

www.govtjobsalert.in

Q.70 श्री बेक्स बिंदु A से शुरू करते हैं और पूर्व की ओर 9 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं, 16 km ड्राइव करते हैं, दाएं मुड़ते हैं और 28 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं और 21 km ड्राइव करते हैं। वह अंतिम बार दाएं मुड़ते हैं, 19 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

www.govtjobsalert.in

Ans
✗ 1. उत्तर की ओर 3 km
✗ 2. उत्तर की ओर 1 km
✗ 3. दक्षिण की ओर 7 km
✓ 4. दक्षिण की ओर 5 km

Q.71 यदि a + b = 50, और a − b = 21 है, तो $(a + b)^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 2466
✗ 2. 2504
✗ 3. 2456
✓ 4. 2500

Q.72 13 के प्रथम 17 गुणजों का औसत ज्ञात करें।

Ans
✗ 1. 137
✗ 2. 127
✗ 3. 128
✓ 4. 117

Q.73 निम्नलिखित समीकरण को सही बनाने के लिए किन दो संख्याओं को आपस में बदलना चाहिए? (नोट: पूरी संख्या को आपस में बदलना चाहिए, न कि किसी दी गई संख्या के अलग-अलग अंकों को।)

24 × 3 + (32 ÷ 4) − 10 × 8 + 26 = 196

Ans
✗ 1. 4 और 8
✓ 2. 3 और 8
✗ 3. 24 और 32
✗ 4. 26 और 24

Q.74 कल्पना और सुधा को एक ही परीक्षा में क्रमशः 656 और 697 अंक प्राप्त हुए। यदि कल्पना ने 32% अंक प्राप्त किए, तो सुधा द्वारा प्राप्त अंकों का प्रतिशत क्या है?

Ans
✗ 1. 37%
✗ 2. 35%
✓ 3. 34%
✗ 4. 32%

Q.75 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी दाल, चावल हैं।
सभी चावल, गेहूँ हैं।
सभी गेहूँ, मक्का हैं।

निष्कर्ष:
**(I)** सभी दाल, मक्का हैं।
**(II)** कुछ मक्का, चावल हैं।

Ans
✓ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✗ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✗ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✗ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

www.govtjobsalert.in

**Q.76 निम्नलिखित आँकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए।**

| आयु वर्ष में | 15-25 | 25-35 | 35-45 | 45-55 | 55-65 | 65-75 | 75-85 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रोगियों की संख्या | 11 | 18 | 22 | 30 | 40 | 16 | 33 |

www.govtjobsalert.in

Ans
✔ 1. 56 वर्ष
✘ 2. 74 वर्ष
✘ 3. 45 वर्ष
✘ 4. 58 वर्ष

**Q.77 भूमि अनुदान के कारण गुप्तोत्तर समाज में किस वर्ग को अधिक महत्व प्राप्त हुआ?**

Ans
✘ 1. क्षत्रिय
✘ 2. वैश्य
✔ 3. ब्राह्मण
✘ 4. शूद्र

**Q.78 अजंता की गुफाओं का उल्लेख निम्नलिखित में से किस यात्री के यात्रा विवरण में मिलता है?**

Ans
✘ 1. डोमिंगो पेस
✘ 2. इब्न-बतूता
✘ 3. मेगस्थनीज
✔ 4. ह्वेन त्सांग

**Q.79 मौर्य काल में, 'रज्जुक (Rajukas)' किसे कहा जाता था?**

Ans
✔ 1. प्रांतीय अधिकारी
✘ 2. सेना प्रशासक
✘ 3. सेना
✘ 4. शिल्पकार

**Q.80 भारत में 1991 के बाद के आर्थिक सुधारों का एक प्रमुख लक्ष्य वित्तीय समावेशन रहा है। बैंकिंग सुविधाओं तक सार्वभौमिक पहुंच के माध्यम से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए 2014 में निम्नलिखित में से कौन-सी प्रमुख योजना शुरू की गई थी?**

Ans
✘ 1. अटल पेंशन योजना (APY)
✔ 2. प्रधानमंत्री जन धन योजना (PMJDY)
✘ 3. राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM)
✘ 4. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY)

**Q.81 एक निश्चित कूट भाषा में, 'LOST' को '6832' और 'SALT' को '2136' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या होगा?**

Ans
✘ 1. 6
✔ 2. 1
✘ 3. 3
✘ 4. 2

**Q.82 हिरोमी कावाकामी (Hiromi Kawakami) का काल्पनिक उपन्यास, जिसे 2025 के अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार के लिए लघुसूचित किया गया है, का नाम क्या है?**

Ans
✘ 1. टेन लव्स ऑफ निशिनो
✘ 2. स्ट्रेंज वेदर इन टोक्यो
✘ 3. द नाकानो थ्रिफ्ट शॉप
✔ 4. अंडर द आय ऑफ द बिग बर्ड

www.govtjobsalert.in

Q.83 निम्नलिखित में से कौन-की घटना, जनवरी 2025 में आयोजित 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का एक भाग थी?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. ऑनलाइन मतदाता पहचान पत्र आवेदन की शुरूआत
2. डिजिटल वोटिंग मशीनों का शुभारंभ
3. सर्वोत्तम चुनावी प्रथाओं के लिए पुरस्कार प्रदान किये जाने की योजना की शुरूआत ✔
4. नई चुनावी सीमाओं की घोषणा

Q.84 मान लीजिए कि a एक विषम धनात्मक पूर्णांक है। यदि द्विघात समीकरण $x^2 - (a - 1)x + 4a + 7 = 0$ के मूल पूर्णांक हैं, तो a का न्यूनतम मान कितना होगा?

Ans
1. 21 ✔
2. 25
3. 19
4. 23

Q.85 एक पानी की टंकी को समान क्षमता के 39 पाइपों का उपयोग करके 19 मिनट में भरा जा सकता है। यदि उपरोक्त के समान क्षमता के 23 पाइपों का उपयोग करते हैं, तो पानी की टंकी कितने मिनट (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) में भर जाएगी?

Ans
1. 37.03
2. 24.73
3. 32.22 ✔
4. 27.49

Q.86 निम्नलिखित आँकड़ों की माध्यिका क्या है?

15, 70, 34, 37, 25, 36, 74, 36, 54, 78, 33

Ans
1. 36.5
2. 37
3. 36 ✔
4. 35.5

Q.87 भारत की एक्ट ईस्ट नीति के अंतर्गत किस परिवहन पहल का उद्देश्य भारत को थाईलैंड और म्यांमार से जोड़ना है?

Ans
1. कलादान परियोजना
2. मेकांग-गंगा मार्ग
3. पूर्वी तट आर्थिक मार्ग
4. IMT त्रिपक्षीय राजमार्ग ✔

Q.88 किसके प्रशासन के तहत ब्रिटिश भारत में सती प्रथा को आधिकारिक तौर पर समाप्त कर दिया गया था?

Ans
1. लॉर्ड कैनिंग
2. लॉर्ड विलियम बेंटिक ✔
3. लॉर्ड कॉर्नवालिस
4. लॉर्ड डलहौजी

Q.89 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
D, B के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। D के बाएँ से गिनने पर D और E के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं।
B और C के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। F, A के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठता है।
A के बाएँ से गिनने पर A और B के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. एक
2. दो
3. तीन
4. चार ✔

www.govtjobsalert.in

Q.90 एक वृत्त में, दो जीवाएँ AB और CD, जिनकी माप क्रमशः 14 cm और 6 cm है, जो केंद्र के एक ही तरफ हैं तथा एक दूसरे के समानांतर हैं। यदि उनके बीच की दूरी 4 cm है, तो वृत्त के व्यास की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
- ✗ 1. $\sqrt{29}$
- ✓ 2. $2\sqrt{58}$
- ✗ 3. $\sqrt{58}$
- ✗ 4. $2\sqrt{29}$

Q.91 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। B विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है लेकिन 3 पर नहीं। B और D जिन तलों पर रहते हैं उनका योग 7 है। E, F के ठीक नीचे रहता है। C सबसे ऊपरी तल पर रहता है। E के ऊपर कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✗ 1. 4
- ✗ 2. 1
- ✓ 3. 3
- ✗ 4. 2

Q.92 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

SPM 8, TQN 14, URO 20, VSP 26, ?

Ans
- ✗ 1. XRN 32
- ✓ 2. WTQ 32
- ✗ 3. XPM 30
- ✗ 4. WQM 30

Q.93 STP पर, $O_2$ गैस की 5.6 L मात्रा में उपस्थित अणुओं की संख्या कितनी होगी?

Ans
- ✗ 1. $6.022 \times 10^{23}$
- ✗ 2. $1.5055 \times 10^{23}$
- ✗ 3. $2.24 \times 10^{23}$
- ✓ 4. $3.011 \times 10^{23}$

Q.94 निजीकरण आंशिक हो सकता है, जिसमें निजी क्षेत्र की अल्पमत हिस्सेदारी हो सकती है। किसी PSU को निजीकृत माने जाने के लिए उसमें सरकार की हिस्सेदारी की सीमा क्या है?

Ans
- ✗ 1. 50% से अधिक
- ✓ 2. 51% से कम
- ✗ 3. 75%
- ✗ 4. 51%

Q.95 एक वस्तु का क्रय मूल्य ₹300 है और अंकित मूल्य ₹1,032 है। यदि विक्रेता इसे अंकित मूल्य पर 50% की छूट देकर बेचता है, तो उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 72%
- ✗ 2. 69%
- ✗ 3. 70%
- ✗ 4. 73%

Q.96 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से UQNV का संबंध SOLT से है। उसी प्रकार, XTQY का संबंध VROW से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, RNKS का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✓ 1. PLIQ
- ✗ 2. LPQI
- ✗ 3. LPIQ
- ✗ 4. PLQI

www.govtjobsalert.in

Q.97 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से NKGO का संबंध LIEM से है। उसी प्रकार, QNJR का संबंध OLHP से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, TQMU का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

www.govtjobsalert.in

Ans
- ✗ 1. ORKS
- ✓ 2. ROKS
- ✗ 3. ROSK
- ✗ 4. ORSK

Q.98 एमएस वर्ड 365 में सेलेक्ट किए गए टेक्स्ट को कॉपी करने के लिए किस कीबोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✓ 1. Ctrl + C
- ✗ 2. Ctrl + V
- ✗ 3. Ctrl + X
- ✗ 4. Ctrl + Z

Q.99 हरित क्रांति के दौरान रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग किया गया। उनके अति उपयोग का परिणाम क्या हुआ?

Ans
- ✗ 1. उच्च कीट प्रतिरोध
- ✗ 2. फसल विविधीकरण
- ✗ 3. बाढ़
- ✓ 4. मृदा लवणता

Q.100 लिपिड जैवरसायन में, असंतृप्त वसा अम्ल कक्ष तापमान पर द्रव अवस्था में क्यों रहते हैं?

Ans
- ✓ 1. सिस-द्वि आबंध, निकुंच (kinks) उत्पन्न करते हैं, जिससे वान्डर वाल्स अन्योन्यक्रिया कम हो जाती है।
- ✗ 2. संतृप्त वसा अम्लों की तुलना में इनका आण्विक भार कम होता है।
- ✗ 3. उनके द्वि आबंध, आण्विक सममितता को बढ़ाते हैं जिससे क्रिस्टल संकुलन कम हो जाता है।
- ✗ 4. वे आयनी आबंध बनाते हैं जो जमने (solidification) से रोकते हैं।

www.govtjobsalert.in